# बिहार के 21 शहरों के लिए पटना से चलेंगी 43 नई बसें

**सीएम नीतीश कुमार एक अणे मार्ग से हरी झंडी दिखा करेंगे शुभारंभ**

patna@inext.co.in

**PATNA(18 Dec):** राज्य में परिवहन व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए 43 नई डिलक्स बसों का परिचालन शुरु किया जायेगा. इसका शुभारंभ गुरुवार को एक अणे मार्ग से सीएम नीतीश कुमार हरी झंडी दिखा कर करेंगे. इस मौके पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा एवं परिवहन विभाग मंत्री शीला कुमारी की मौजूदगी रहेगी. परिवहन विभाग मंत्री शीला कुमारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य राज्य की जनता को बेहतर परिवहन सुविधा प्रदान करना है. इन नई बसों के परिचालन से राज्य के विभिन्न हिस्से में लोगों को सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा.

1. राज्य के विभिन्न अंतरक्षेत्रीय मार्गों पर इन बसों का होगा परिचालन
2. परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना है उद्देश्य
3. बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा इन सभी बसों का होगा परिचालन




## डीलक्स बसों की विशेषता

1. टू बाय टू पुशबैक
2. सीसीटीवी
3. पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम
4. डिसप्ले बोर्ड
5. फायर फाइटिंग
6. वीएलटीडी

**166** सीएनजी एवं 25 इलेक्ट्रिक बसें हैं.

### 01 गांव से शहर को जोड़ने की कवायद

परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि राज्य की जनता को सस्ती, सुलभ, सुगम, सुरक्षित एवं अत्याधुनिक सुविधायुक्त परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए 43 डिलक्स बसों का शुभारंभ किया जा रहा है. इन बसों का परिचालन राज्य के विभिन्न अंतरक्षेत्रीय मार्गों पर किया जायेगा. इससे ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था और सुदृढ़ होगी. इन बसों के परिचालन से कनेक्टिविटी बढ़ेगी एवं यात्रियों को सुलभ, सस्ती एवं सुरक्षित परिवहन सेवा उपलब्ध होगी.

### 02 581 बसों का हो रहा परिचालन

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा कुल 581 बसों का परिचालन किया जा रहा है. इसमें 166 सीएनजी एवं 25 इलेक्ट्रिक बसें है. लोक निजी भागीदारी योजना अंतर्गत कुल 141 बसें विभिन्न मार्गों पर चलाई जा रही है. पटना एवं दरभंगा से गाजियाबाद के लिए 6 वॉल्वो बसों का परिचालन निगम द्वारा कराया जा रहा है. बोधगया से काठमांडू मार्ग पर 4 एवं पटना से जनकपुर-नेपाल मार्ग पर 3 बसों को चलाया जा रहा है.